तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 20 .5 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

12 प्राचीन राम मंदिर के निर्माण को लेकर ...



12 धान उठान में देरी व 26 क्विंटल प्रति एकड़ की ...



खबर संक्षेप

व्यक्ति की मौत मामले में चार लोगों पर केस

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के गांव बीड़ बलसुआ में 54 वर्षीय करणपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी रणधीर सिंह ने शिकायत में बताया कि उसके भाई करणपाल ने दो अक्टूबर को मानसिक परेशानी के चलते आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि बलराज, वीरेंद्र, ललित और मनजीत उसके भाई को मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया।

घर में घुसकर डंडों-रॉड से हमला, चार पर केस

यमुनानगर। शांति कॉलोनी में रंजिश के चलते चार युवकों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। शांति कॉलोनी निवासी अनिल वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके भतीजे का रजत गांधी उर्फ कालू से झगड़ा हुआ था। चार अक्टूबर को रजत गांधी अपने साथी लविश गांधी, प्रिंस व पोटैटो के साथ घर में घुसा और परिवार पर हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मोबाइल हैककर 3.58 लाख की ठगी

यमुनानगर। त्यागी गार्डन निवासी नीति धवन के मोबाइल पर साइबर ठगों ने डॉक्टर अप्वाइंटमेंट के नाम से एपीके फाइल भेजकर 3.58 लाख रुपये ठग लिए। तीन अक्टूबर को व्हाट्सएप पर आई फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उसके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकाल ली गई। मोबाइल दोबारा चालू होने पर पैसे निकलने के मैसेज देखकर उसे ठगी का पता चला। उसने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं, दराजपुर निवासी गुलशन कुमार के खाते से भी साइबर ठगों ने 2.88 लाख रुपये निकाल लिए।

रंजिश में युवक पर हमला, सात पर केस

यमुनानगर। शिव मंदिर कैंप निवासी विशाल उर्फ विशु पर रंजिश के चलते सात युवकों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विशाल ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उसका मनमोहन व अंकुश पंडित से झगड़ा हुआ था। तीन अक्टूबर को वह बाजार जा रहा था। कुर्बान अस्पताल के पास मनमोहन व अंकुश ने जतिन जाट, मोहित मेहंदी रत्ता, अजय पंडित उर्फ छोटा पंडित, राजन शर्मा उर्फ चिकली और सचिन पंडित के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

पानीपतः किराया मांगने पर मकान मालिक पर हमला

पानीपत। कुटानी रोड स्थित पहलवान चौक के पास बकाया किराया मांगने पर पूर्व किरायेदारों द्वारा मकान मालिक और उसकी मां से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित विशाल के अनुसार उसने दूसरी मंजिल पर किरायेदार रखे थे, लेकिन शोर-शराबे और गाली-गलौज से परेशान होकर मकान खाली करवा लिया था। आरोप है कि पूर्व किरायेदार दो महीने का किराया दिए बिना चले गए। विशाल बकाया किराया मांगा तो करीब 10 लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में आई मां के साथ भी मारपीट की गई। हमले में दोनों घायल हो गए। पीड़ित ने मेडिकल करवाकर किला थाना पुलिस को शिकायत दी।

अव्यवस्था और लेटलतीफी को लेकर कई जिलों में किसानों का धैर्य जवाब देने लगा, मुखर हो रहा विरोध

धान खरीद में देरी पर किसानों का फूटा गुस्सा मंडी व मार्केट कमेटी कार्यालय पर जड़ा ताला

अधिकारी पहुंचे मौके पर, आश्वासन के बाद खोले मंडी के ताले




- तीन दिन से फसल लेकर मंडी में डटे किसान, तुलाई व उठान नहीं होने पर रोष
- खरीदी गई धान की फसल भी मंडी में पड़ी, बारदाना उपलब्ध नहीं होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में धान की खरीद व्यवस्था को लेकर सोमवार को किसानों का रोष फूट पड़ा। खरीद में देरी और खरीदे गए धान की तुलाई व उठान नहीं होने से परेशान किसानों ने पहले मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला जड़ दिया। इसके बाद किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर भी ताला लगा दिया। इससे मंडी में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार, तरावड़ी अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद 27 सितंबर से शुरू हुई थी। किसानों का आरोप है कि सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद प्रक्रिया धीमी गति से किए जाने के कारण उन्हें फसल बेचने के लिए तीन दिन तक मंडी में इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि कई किसानों की धान की ढेरियां एजेंसी द्वारा खरीद ली गई हैं, लेकिन इसके बाद तुलाई और उठान नहीं हुआ। खरीदा गया धान भी पिछले दो-तीन दिनों से मंडी में पड़ा है। फसल की बोली और खरीद होने के बावजूद तुलाई नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरीद के बाद तुलाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने का भी किसानों ने आरोप लगाया। बढ़ते रोष के बीच किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय और मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया।सूचना मिलने पर तरावड़ी अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता, मार्केट कमेटी सचिव अरविंद टाया और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उच्च अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि धान की खरीद में तेजी लाई जाएगी और सोमवार शाम तक मंडी में बारदाना उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके बाद खरीदी गई फसल की तुलाई और उठान भी कराया जाएगा।अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने मंडी के मुख्य गेट और मार्केट कमेटी कार्यालय के ताले खोल दिए। इसके बाद मंडी में आवागमन शुरू हुआ। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। किसानों ने प्रशासन से खरीद, तुलाई और उठान की व्यवस्था जल्द सुचारु करने की मांग की।

घरौंडाः खरीद शुरू नहीं होने पर किसानों में रोष

एसडीएम के पास पहुंचे किसान, खरीद और उठान व्यवस्था सुचारु करने के दिए निर्देश



- किसानों ने नमी के नाम पर कटौती का आरोप लगाकर खरीद में तेजी की मांग की
- मिलर्स का आवंटन जल्द होने की उम्मीद, इसके बाद उठान में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नई अनाज मंडी में सोमवार को निर्धारित समय पर धान की खरीद शुरू नहीं होने और पहले से खरीदे गए धान के उठान में देरी से किसान परेशान रहे। करीब 15 से 20 किसान अपनी समस्याएं लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे। किसानों ने जल्द खरीद शुरू कराने और खरीदे गए धान का समय पर उठान कराने की मांग की। सूचना मिलने पर एसडीएम अनुभव मेहता मौके पर पहुंचे और मार्केट कमेटी सचिव सुनील कुमार सहित संबंधित अधिकारियों से खरीद व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को परेशानी न होने देने और खरीद व उठान व्यवस्था सुचारु कराने के निर्देश दिए।एसडीएम ने बताया कि धान की खरीद शुरू कर दी गई है और जल्द मिलर्स का आवंटन होने की उम्मीद है। इसके बाद उठान में तेजी आएगी। जगदीप औलख की अध्यक्षता में किसानों ने नमी के नाम पर कटौती का आरोप लगाते हुए खरीद में तेजी की मांग की।

धान खरीद-उठान में देरी के विरोध में जुटे किसान



शाहबाद। किसानों को संबोधित करती खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

धान की खरीद और उठान में देरी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के आह्वान पर सोमवार को प्रदेशभर के किसान शाहाबाद के शहीद उद्यम सिंह मेमोरियल हॉल में जुटे। किसानों ने सरकार के खिलाफ रोष जताया। किसानों की संख्या और तेवर को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस बल तैनात किया।दोपहर बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार के साथ किसान प्रतिनिधिमंडल की करीब डेढ़ घंटे बैठक हुई। बैठक के बाद भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया कि किसानों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिला है। धान की खरीद और उठान में तेजी लाने तथा पोर्टल संबंधी समस्याएं दूर करने का भरोसा दिया गया।अमनीत पी. कुमार ने बताया कि धान पोर्टल पर वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है और उठान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। चढ़ूनी ने अगले सीजन में 15 सितंबर से धान खरीद शुरू करने समेत सरसों, सूरजमुखी और बाजरे की खरीद संबंधी मांगें भी रखीं।



शाहबाद। महापंचायत में मौजूद किसान।

धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: राणा

कुरुक्षेत्र। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को थानेसर अनाज मंडी में धान खरीद कार्य को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों को लेकर गंभीर है और खरीद के दौरान किसी किसान को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मंडी में आने वाली धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। राणा ने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों की समस्या की सूचना मिलते ही उसका समाधान किया जाए। खरीद कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

फर्जी नंबर प्लेट और हूटर लगाकर रौब झाड़ने वाले पिता-पुत्र पर केस

समालखा। समालखा में गाड़ियों पर फर्जी भारत सरकार की प्लेट, नंबर प्लेट और हूटर लगाकर रौब जमाने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र राजबीर निवासी आजाद नगर समालखा और राहुल निवासी कृष्णा कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 4 अक्टूबर को ट्रैफिक जोन इंचार्ज एएसआई सतीश कुमार टीम के साथ हथवाला रोड पर चेकिंग कर रहे थे। सूचना पर एसएफसी होटल के पीछे गली में खड़ी अर्टिगा और सियाज गाड़ियों की जांच की गई। ई चालान मशीन से नंबरों का रिकॉर्ड नहीं मिला। मौके पर पहुंचे राजबीर भी गाड़ियों की आरसी नहीं दिखा सके। चेसिस नंबर से जांच में फर्जी सरकारी नंबर प्लेट और अनाधिकृत हूटर लगे होने का खुलासा हुआ। एएसआई अशोक कुमार की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में जान गई

यूएस में करनाल के युवक की मौत, शव लाने को मदद की गुहार

- 3 अक्टूबर तक परिवार से हुई थी फोन पर बातचीत अगले दिन बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अनिल कुमार

पिता ने बेटे को अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपये का कर्ज लिया था

असंध क्षेत्र के बल्लाह गांव निवासी 21 वर्षीय युवक अनिल कुमार मान की अमेरिका में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर की रात अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है। अनिल की मौत की सूचना गांव पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने सरकार से उसके पार्थिव शरीर को अमेरिका से भारत लाने में मदद की गुहार लगाई है, ताकि परिजन अंतिम दर्शन कर सकें। अनिल कुमार मान ने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उसने अमेरिका जाने का निर्णय लिया था। इसके लिए परिवार ने बड़ी आर्थिक कीमत चुकाई। उसके पिता ऋषिपाल ने बेटे को अमेरिका भेजने के लिए अपनी जमीन बेच दी और कर्ज भी लिया। करीब 45 लाख रुपये की व्यवस्था कर अनिल को विदेश भेजा गया था। 3 अक्टूबर तक परिवार से हुई थी बातचीत।

ढाबे पर कुर्सी गिरने को लेकर विवाद, दो भाइयों से मारपीट

अंबाला। बलदेव नगर की मोटर मार्केट स्थित यादव ढाबे पर कुर्सी गिरने को लेकर हुए विवाद में ट्रक चालक और उसके भाई से मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता शेर सिंह के अनुसार 3 अक्टूबर की रात वह अपने भाई जसपाल सिंह के साथ ढाबे पर खाना खाने गया था। कुर्सी गिरने पर विवाद हुआ और ढाबा मालिक ने अपने भाई समेत 7-8 लोगों को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने दोनों भाइयों से रॉड, पंच और अन्य हथियारों से मारपीट की। एक व्यक्ति ने पिस्टल दिखाकर धमकाया। दोनों घायल हुए और अस्पताल में उपचार कराया। बलदेव नगर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

- लोहे की रॉड और पंच से हमला करने का आरोप

पानीपत में युवकों ने सरेआम चलाईं गोलियां

दो पक्षों में हिंसक झड़प, तलवारें भी चलीं, एसपी ने संभाली स्थिति, फायरिंग देख लोग सहमे

- हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के घायल लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर में सोमवार की देर शाम मामूली बात को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से बीच चौराहे पर खड़े होकर ताबड़तोड़ गोलियां भी बरसाई गईं। दोनों पक्षों में जमकर तलवारें भी चलीं। इससे क्षेत्र में भगदड़ मच गई। लोगों ने अपने घरों में घुसकर जान बचाई। इस हिंसक झड़प में हाली कॉलोनी निवासी फरमान गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके चेहरे (मुंह) पर गहरी चोटें आई हैं और कमर पर तलवार लगी है। बताया जा रहा है कि फरमान पक्ष की ओर से ही गोलियां चलाई गई थीं, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दो युवकों को बच्चों के सामने ही फायरिंग करते देखा जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मेधा भूषण खुद मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभाला। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस की कई टीमें झगड़ा करने वाले युवकों को पकड़ने के लिए लगाई गई हैं।



लाडवाः लोहे की सीढ़ी बिजली तारों से टकराई बुजुर्ग की मौत

लाडवा। लाडवा क्षेत्र के गांव बन में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। लोहे की सीढ़ी के बिजली की तारों के संपर्क में आने से एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह तीन व्यक्ति एक निर्माण स्थल पर काम के लिए लोहे की पहिए दार सीढ़ी लेकर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सीढ़ी काफी ऊंची थी और ऊपर उठाई हुई थी। अचानक सीडी ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों से टकरा गई। देखते ही देखते तीनों करंट की चपेट में आ गए। इस हादसे में लाडवा के करीब 60 वर्षीय सोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य बुजुर्ग झुलस गया।

- लाडवा के गांव बन में निर्माण स्थल पर हादसा

कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहलुओं से कराया रूबरू

देशी गाय आधारित संसाधनों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में नेपाल के 50 किसानों ने सीखी प्राकृतिक खेती की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र का प्राकृतिक कृषि फार्म अब केवल भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्राकृतिक खेती के एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रभाव अब पड़ोसी देशों में भी दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में नेपाल से कृषि विशेषज्ञों एवं 50 प्रगतिशील किसानों का प्रतिनिधिमंडल प्राकृतिक खेती की विधिवत प्रशिक्षण लेने के लिए गुरुकुल कुरुक्षेत्र पहुंचा। भारत सरकार एवं नेपाल सरकार के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नेपाली किसानों ने पांच दिनों तक गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म में प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों, प्रक्रियाओं एवं प्रयोगों को नजदीक से देखा और समझा। किसानों ने प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक पक्षों की जानकारी प्राप्त करते हुए अपनी विभिन्न जिज्ञासाओं और शंकाओं का विशेषज्ञों से समाधान भी कराया। गुरुकुल पहुंचने पर प्रधान राजकुमार गर्ग एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने नेपाल से आए प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में कृषि अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद यादव, सपना खापुंग, झराना उपाध्याय एवं हेमलाल बुसाई सहित प्रगतिशील किसान एवं कृषि सखियां शामिल रहीं। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. हरिओम, डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. शुवेन्दु एवं डॉ. गगनदीप सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों एवं घटकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



कुरुक्षेत्र। गुरुकुल में मौजूद नेपाल के कृषि विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए

डॉ. बलजीत सहारण ने प्राकृतिक खेती में देशी गाय आधारित संसाधनों की उपयोगिता बताई। उन्होंने किसानों को विभिन्न घटकों के निर्माण और उपयोग की जानकारी दी। नेपाल के किसानों ने गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म का भ्रमण कर तकनीकों को समझा और मॉडल की सराहना की। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। किसानों ने वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आभार जताया।

प्याज-पेंट की आड़ में ट्रक से 11.8 किलो चूरापोस्त बरामद

- राजस्थान-मध्य प्रदेश से माल लाने की आड़ में नशे की तस्करी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की कुरुक्षेत्र यूनिट ने थीम पार्क के पास कार्रवाई करते हुए ट्रक से 11 किलो 800 ग्राम चूरापोस्त बरामद की है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। यूनिट इंचार्ज एसआई गुरनाम सिंह ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि गांव बापा, यमुनानगर निवासी मंदीप सिंह उर्फ मोनी ट्रक में राजस्थान और मध्य प्रदेश से सामान लाने के दौरान उसकी आड़ में चूरापोस्त छिपाकर लाता है। सूचना पर टीम ने थीम पार्क के पास ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक की केबिन में चालक सीट के पीछे सफेद प्लास्टिक के कट्टे में चूरापोस्त मिली। तौल करने पर इसका वजन 11 किलो 800 ग्राम निकला। पुलिस के अनुसार यह इंटरमीडिएट क्वांटिटी की श्रेणी में है। पुलिस अब पता लगा रही है कि नशीली खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।



कुरुक्षेत्र। पकड़ा गया आरोपी।

रादौर में धान के उठान में देरी से व्यवस्था बदहाल

अनाज मंडी में बोरियों का डेरा, किसानों को चिंता ने घेरा

धान बेचने के लिए किसानों को नहीं मिल रही जगह, उठान जल्द करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। रादौर अनाज मंडी में खरीदी गई धान की बोरियों के लगे ढेर। फोटो : हरिभूमि

मंडी से धान का सुचारु रूप से करवाया जाएगा उठान

रादौर मार्केट कमेटी के सचिव संदीप कांबोज ने बताया कि जल्द ही अनाज मंडी से धान के उठान को सुचारु रुप से शुरु करवा दिया जाएगा। अभी थोड़ी परेशानी देखी जा रही है। समाधान के लिए प्रक्रिया चल रही है। अगले एक या दो दिन में किसानों को कोई समस्या नहीं रहने दी जाएगी।

जिले की रादौर अनाज मंडी में धान का उठान हीं होने से किसान व आढ़ती परेशान हैं। आलम यह है कि अनाज मंडी में जगह जगह खरीदे गए धान की बोरियां अटी पड़ी हैं। जिसके कारण किसानों को अपनी धान की फसल बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है। किसानों व आढ़तियों ने संबंधित अधिकारियों व जिला प्रशासन से धान का सुचारु रुप से उठान करवाए जाने की मांग की है।

अनाज मंडी रादौर में अपनी धान बेचने आए किसान रमेश कुमार, सुरेश कुमार, कर्ण, मोहन लाल, योगेश, सतीश व देवेंद्र आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गत 29 सितंबर से धान की सरकारी खरीद शुरु की गई है। अनाज मंडी में पिछले सात दिन से लगातार रादौर अनाज मंडी में रोजाना हजारों टन धान की फसल बिकने के लिए पहुंच रही है। मगर अभी तक धान का उठान सुचारू रुप से शुरु नहीं किया गया है। जिसके कारण अनाज मंडी में जगह जगह धान से भरी हुई बोरियों के बड़े बड़े ढेर लग गए हैं और किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है। जिससे किसान और आढ़ती दोनों परेशान हैं। किसानो का का कहना है कि यदि अनाज मंडी में किसानों को अपनी धान बेचने के लिए जगह ही नहीं मिलेगी तो वह अपनी फसल को कहां लेकर जाएंगे।

ऑनलाइन पोर्टल बदहाल, ऑफलाइन किसान बेहाल

धान बेचने में आ रही दिक्कत दूर करवाने को सीएम को संबोधित ज्ञापन मार्केट सचिव को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को वरिष्ठ सदस्य महीपाल चमरोडी के नेतृत्व में रादौर अनाजमंडी का दौरा किया। सभा के सदस्यों ने किसानों से अनाजमंडी में आ रही बिक्री की समस्याओं बारे जानकारी हासिल की। साथ ही मार्केट कमेटी के सचिव संदीप कांबोज को मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



रादौर। मार्केट सचिव को मुख्यमंत्री के नाम किसानों की परेशानियों से संबंधित ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पोर्टल पर किसी और के नाम दर्ज हो रही फसल

महीपाल चमरौड़ी ने कहा कि सरकार ने कहा था कि पहली अक्तूबर से खरीदारी शुरू हो जाएगी लेकिन ऐसा लगता है 10 अक्टूबर से पहले खरीदारी शुरू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर फसल रजिस्ट्रेशन व वेरीफिकेशन ने किसानों को परेशान कर दिया है। क्योंकि पोर्टल पर उनकी फसल का रजिस्ट्रेशन गलत हो रखा है। कुछ किसानों की फसल को अन्य व्यक्तियों ने पोर्टल पर दर्ज कर दिया है। नमी की मात्रा मापन से भी परेशानी हो रही है। अलग-अलग मशीन अलग-अलग मॉयस्चर दिखाती है। हैफेड तथा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन भी आधे अधूरे मन से खरीदारी करना चाहते हैं।

पोर्टल की व्यवस्था हटाएं

फसल बिक जाए तो भी राइस मिलर के साथ सरकार का समझौता न होने के कारण उठान की समस्या रहेगी। ज्यादा फसल मंडी में आएगी, तो खरीदी गई फसल का स्टॉक मंडी में इकट्ठा हो जाएगा और मंडी में स्थान की कमी पड़ जाएगी। किसान नेता ने कहा कि पंजाब में भी खरीदारी की जा रही है लेकिन वहां पर कोई पोर्टल नहीं बनाया हुआ है। किसान आता है अपनी फसल बेचकर चला जाता है। प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि जैसे सरकार किसानों के साथ बदले की भावना से काम कर रही हो। इस पोर्टल ने तो किसानों को परेशान करके रख दिया है। अखिल भारतीय किसान सभा यह मांग करती है कि यह पोर्टल व्यवस्था खत्म की जाए। मौके पर वेदपाल, राजेश धानुपुरा, प्यारे लाल तंवर, कुसुमपाल बकाना, कुलवंत सिंह कुंजल, सुखबीर, यशपाल, संजय सिंह, कुसुमपाल आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई

रादौर। जाटसभा रादौर की ओर से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की 91 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जाटसभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत के चित्र पर फुलमालाएं अर्पित कर श्रद्धाजलि भेंट की। जाटसभा के प्रधान सुरेशपाल बंचल कहा कि किसान नेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत एक महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। जिन्होंने अपना पुरा जीवन किसानों व मजदूरों के लिए संघर्ष में बिताया। वह किसानों व मजदूरों के हितों की लडाई लडते हुए कई बार जेल गए। आज देश का किसान स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत के संघर्ष के कारण जागरूक हुआ है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर किसान हित में कार्य करना चाहिए।

युवक ने नाबालिग को बहलाकर किया दुष्कर्म

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसलाकर नाबालिग लड़की को अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ चार पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की को महेंद्र सिंह का डेरा रादौर निवासी आर्यन तीन अक्टूबर को दोपहर एक बजे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी उसकी लड़की को रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। उसकी लड़की ने घर जाकर उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना थाने में दी।

सड़क पर उतर बयां किया दर्द, सरकार के खिलाफ लगाए नारे

राशन डिपो होल्डर्स को चार महीने से नहीं मिला कमीशन

दूसरों को बांटते हैं राशन खुद दाने-दाने को मोहताज

जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन, डीसी प्रीति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए जिले के राशन डिपो होल्डर। फोटो : हरिभूमि

राशन डिपो एसोसिएशन यमुनानगर के सदस्यों ने चार महीने का कमिश्न नहीं दिए जाने के विरोध में सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बकाया पड़े कमिश्न को दिलवाए जाने की मांग की।

सोमवार को राशन डिपो यमुनानगर के जिले भर से सैकड़ों राशन डिपो होल्डर एसोसिएशन के जिला प्रधान सुशील मित्तल के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने जमकर सरकार व संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। इसके बाद उपायुक्त प्रीति को ज्ञापन सौंपा। मित्तल ने बताया कि जिले में 13 सेंटर हैं और कुल 570 के राशन डिपो हैं। सभी डिपो धारक सरकार की हर योजना का राशन समय पर वितरण कर रहे हैं। लेकिन पिछले चार महीने से उनका कमीशन जारी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार ने चार महीने का कमीशन कन्फर्म अधिकारी के कार्यालय यमुनानगर में भेजा जा चुका है। मगर कन्फर्म के अधिकारी कमीशन को देना नहीं चाहते हैं।

नहीं सुनते शिकायत

इस संबंध में एसोसिएशन द्वारा विधायक, मंत्री व चेयरमैन तक लिखित में शिकायतें दी चुकी हैं। एसोसिएशन के जिला प्रधान सुशील मित्तल ने कहा कि कमीशन न मिलने से डिपो होल्डरों के सामने भुखमरी की नौबत आ चुकी है। उन्होंने कहा कि कमीशन ना मिलने से डिपो होल्डर परेशान हैं। उन्हें अपने परिवारों का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने हर महीने कमीशन जारी किए जाने,एक अंगूठे से पूरा राशन दिए जाने, हर महीने का राशन दिए जाने आदि समस्याओं का जल्द समाधान करे। एसोसिएशन के प्रधान सुशील मित्तल ने संबंधित अधिकारी की कार्यशैली की जांच करवाकर कारवाई किए जाने और उनका चार महीने से रुका पड़ा कमीशन दिलवाए जाने की मांग की।

न्यूज डायरी



संयुक्त रूप से जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

रादौर। गांव बकाना में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में धनौरा व जुब्बल की टीमें संयुक्त रूप से विजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। समाजसेवी विपिन सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला धनौरा व जुब्बल की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले के बाद दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। दोनों टीमों के बीच निर्णय सुपर ओवर के माध्यम से भी नहीं हो पाया। उसके बाद दोनों टीमों को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता में अमीलाल व मुकेश कुमार ने अंपायर की भूमिका निभाई। आयोजकों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मौके पर पंकज सैनी, अंकुश सैनी, अभिषेक सैनी, जॉनी शर्मा, बिंदर सैनी, प्रिंस शर्मा, जगदीप कांबोज, अनिल भगत व पंकज कुमार आदि मौजूद थे।



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के दिए टिप्स

रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में हेल्दी बॉडी, हेल्दी माइंड विषय पर आयोजित की जा रही पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में योगाचार्य भारत भूषण व डॉ. पुलकित ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं योगाचार्य भारत भूषण ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के टिप्स दिए। बताया कि स्वस्थ शरीर रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। मौके पर विद्यार्थियों को संतुलित आहार द्वारा उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करने, मेडिटेशन (ध्यान)ग्रोथ माइंडसेट विकसित करने, सकारात्मक व नकारात्मक आदतों की पहचान करने तथा योग आसनों के माध्यम से सही शारीरिक मुद्रा बनाए रखने जैसे विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। कालेज प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह कार्यशाला में सीखे गए ज्ञान को केवल अपने तक सीमित न रखें। बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता व उनकी पूरी टीम का आभार प्रकट किया।



समाधान शिविरों का जनता को मिल रहा लाभ

यमुनानगर। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनीं। जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका त्वरित समाधान किए जाने के आदेश दिए। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह समाधान शिविर सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर समाधान शिविर के विशेष सदस्य जगदीश बब्बर व नीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

चोरों ने तीन घरों से चुराए लाखों रुपये के आभूषण

यमुनानगर। चोरों ने तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखें रुपये के सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने एक मामले में एक आरोपी को नामजद करते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बूडिया पानी की टंकी मोहल्ला निवासी शाहरुख ने शिकायत में बताया कि दो अक्टूबर को वह किसी काम से परिवार के साथ बाहर गया था। जब चार अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर घर से सोने व चांदी के जेवरात व नकदी गायब मिली। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब आठ लाख 30 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, आजाद नगर गली नंबर जीरो निवासी मुस्कान ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने तीन अक्टूबर को शाम साढे पांच बजे उनके घर में घुसकर अलमारी में रखे कानों के टॉप्स, मंगलसूत्र, चुटकी, पायल, चांदी की चेन चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब 93 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तीसरे मामले में गांव बलाचौर निवासी परमजीत सिंह ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि एक अक्टूबर को उसका भाई जसबीर सिंह घर से किसी काम से बाहर गया था। जब वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने की दो जोड़ी बालियां, एक चेन, चार सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी बालियां व 50 हजार रुपये गायब मिले। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब दो लाख 94 हजार रुपये है। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि यह चोरी उनके गांव के ही अजय ने की है। जब उसने अजय से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अजय के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राजनीति सेवा का उत्तम माध्यम: राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राजनीति सेवा करने का सबसे उत्तम माध्यम है। रानीति में पद रहे या ना रहे हमें सदैव सेवा कार्य के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने उक्त शब्द रादौर के पैलेस में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उनका मार्ग दर्शन करते हुए कहे।

उन्होंने मौके पर कार्यकर्ताओं को सात अक्तूबर को यमुनानगर में आयोजित की जाने वाली सेवा संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आहवान किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं।



इनकी रही उपस्थिति

बूथ पर कार्यकर्ताओं को पहुंचकर लाभार्थियों को लाभ पहुंचा चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, नपा चेयरमैन शालू मेहता, विपिन कांबोज, राजकुमार शर्मा, घनश्याम सैनी, अमृत धिलौर, भागवत दयाल पार्षद, ऋषिपाल पार्षद, जसपाल सैनी व निर्मल ठसका आदि मौजूद रहे।

मंदिर प्रबंधन पर आरोप से हिंदू आहत



यमुनानगर। श्री सनातन धर्म संघर्ष समिति के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिकएवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन शहर के मोहयाल भवन में किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने भाग लिया। बैठक में समिति सदस्यों व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्री सनातन धर्म मंदिर व स्कूल प्रबंधक कमेटी पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। भाजपा नेत्री संगीता सिंघल समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनधि मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि वह राजनीतिक नेता के रुप में नहीं, बल्कि शहर के नागरिक और सनातनी हिंदू के तौर पर शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाला हर हिंदू मंदिर प्रबंधन पर लग रहे आर्थिक अनियमितताओं के आरोपों से आहत हैं। इस अवसर पर संघर्ष समिति के संयोजक विपन मोहन मेहता, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार व महासचिव मनीष मलिक, सुरेंद्र नंदा, सुभाष वोहरा, अश्विनी नंदा, अरुणा कौशिक, संजय चड्ढा व हेमंत शर्मा ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छा भेंटकर स्वागत किया।



ओपी जिंदल पार्क में जलभराव की समस्या का करें स्थायी समाधान

यमुनानगर। दशहरा पर्व पर ओपी जिंदल पार्क में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अधिकारियों के साथ पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से पार्क में हो रही जलभराव की समस्या का दशहरा पर्व से पहले स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सोमवार को नगर निगम एवं पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के साथ ओपी जिंदल पार्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्क में जमा पानी की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व को लेकर ओपी जिंदल पार्क में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में कार्यक्रम से पहले पार्क को पूरी तरह जलभराव मुक्त करना और वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता कृष्ण सिंगला, रोहित हरजाई,नितिश दुआ व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

नेशनल हेरिटेज पब्लिक स्कूल में जिलास्तरीय योगा चैंपियनशिप

योग शारीरिक शक्ति व मानसिक शांति का स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नेशनल हेरिटेज पब्लिक स्कूल जगाधरी में छठी जिलास्तरीय योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने रिबन काट कर किया। प्रतियोगिता में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान अध्यक्षता आस्था राणा ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा ओलंपिर एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य रोहित पुंडीर मौजूद रहे।

अध्यक्ष आस्था राणा ने बताया कि योगा चैंपियनशिप में 8 से 10 वर्ष आयु के बालक वर्ग में रुद्र ने प्रथम, मानविक ने द्वितीय व कुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी आयु के बालिका वर्ग में वेरोनिका ने प्रथम, लविशा ने द्वितीय व आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 10 से 14 वर्ष की आयु के बालक वर्ग में विशाल ने प्रथम, अनिक ने द्वितीय व जीवन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, इस आयु के बालिका वर्ग में दीक्षा ने प्रथम, मिस्टी भोला ने द्वितीय व निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 14 से 18 वर्ष के बालक वर्ग की चैपिंयनशिप प्रतियोगिता में आरव ने प्रथम और जयंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, इस आयु की बालिका वर्ग में नव्या ने प्रथम, हशमन ने द्वितीय व सेहज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 18 से 28 वर्ष की महिला वर्ग में दीक्षा, नवधा और लक्ष्मी अव्वल रहीं।



यमुनानगर। नेशनल हेरिटेज स्कूल जगाधरी में योगा चैंपियनशिप में विजेता बच्चे पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

नियमित करें योग

एसडीएम ने कहा कि योगासन केवल व्यायाम नहीं है। यह शारीरिक शक्ति, मानसिक शांति, आत्मविश्वास और आंतरिक संतुलन देने वाली जीवनशैली है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि आसनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर रविंदर राणा, डॉ. निखिल मेहता, ईश मेहता व ओपी तनेजा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

रिदमिक पेयर में राधिका व मानसीरत प्रथम

आर्टिस्टिक सोलो में दस से 14 वर्ष बालक वर्ग में अनीक, जीवन और हर्ष व बालिका वर्ग में जपमन कौर, वान्या और नव्या विजेता रहे। 14 से 18 वर्ष में आरव कांबोज और हशमन कौर प्रथम रहे। 18 से 28 वर्ष की महिलाओं में चलसी और सरिश्ती ने अव्वल स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक पेयर में इवान एवं विशाल तथा जानवी एवं पावनी और दीक्षा एवं निधि विजेता रहे। रिदमिक पेयर में राधिका एवं मानसीरत प्रथम तथा मन्नत एवं मिश्टी द्वितीय रहीं। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

लव कुमार अव्वल

पुरुष वर्ग में 28 से 35 वर्ष की चैपिंयशिप प्रतियोगिता में लव कुमार प्रथम रहे। वहीं, महिला वर्ग में दीपिका धाकवाली, सपना और रजनी देवी ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। जबकि 35 से 45 वर्ष में अरुण कुमार और पूजा रानी प्रथम रहे।

खबर संक्षेप



दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर लगाई ड्यूटियां

लाडवा। जय मां भगवती लाडवा की एक विशेष बैठक सोमवार को कृष्णा कालोनी लाडवा में हुई। बैठक में प्रथम नवरात्रि से लेकर दुर्गा अष्टमी तक चलने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विचार-विर्मश किया तथा महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यों की ड्यूटियां भी लगाई गई। बैठक में समिति सदस्य देवराज राजू, जितेंद्र कालिया, राकेश कुमार उर्फ रोकी, हरीश सिंगला, कृपाल, पारस, कर्ण रहेजा ने दुर्गा पूजा का कार्ड भी लॉच किया।

आरएमपी एसो. का 15वां रक्तदान शिविर आज

कुरुक्षेत्र। आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की ओर से 15वें रक्तदान शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर, मंगलवार को किया जाएगा। शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से नजदीक ब्रह्मसरोवर स्थित पंजाबी धर्मशाला में होगा। शिविर में लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. जसवंत सिंह संगरोहा ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और समय पर उपलब्ध रक्त किसी मरीज का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एशिया कप में जीत पर नवनीत कौर को दी बधाई

पिहोवा। भारतीय महिला हॉकी टीम की एशिया कप में शानदार जीत के बाद डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, पिहोवा के प्रिंसिपल ने भारतीय हॉकी टीम की वाइस-कप्तान नवनीत कौर से मुलाकात कर उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी टीम की यह उपलब्धि देश के खिलाड़ियों, विशेषकर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। नवनीत कौर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

श्राद्ध पक्ष की चौदस व अमावस्या पर मेला 9 से

पिहोवा। श्राद्ध पक्ष के दौरान यहां सरस्वती तीर्थ पर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन चौदस व अमावस्या के अवसर पर 9 व 10 अक्तूबर को यहां दो दिन मेले जैसा माहौल बना रहता है। अमावस्या की महत्वता को देखते हुए इन दोनों दिनों में पितरों की आत्मिक शांति एवं मोक्ष की कामना को लेकर देशभर से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते है। मेले को लेकर नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने प्रशासन से समय रहते आवश्यक प्रबंध करने की मांग की है। तीर्थ पुरोहित एवं नपा पार्षद जयपाल कौशिक ने कहा कि मेले के दौरान प्रेत पीपल के नजदीक तीर्थ पर अस्थाई रूप से लगने वाली फड़ियों और भिखारियों की तीर्थ से दूर अलग स्थान पर व्यवस्था की जानी चाहिए।

आदेश मेडिकल कॉलेज में एनआईजीएफ हरियाणा चैप्टर का वार्षिक सम्मेलन



शाहबाद। मोहड़ी स्तिथ आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एनआईजीएफ हरियाणा चैप्टर का 2026 वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, चिकित्सकों, सलाहकारों तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में कुल 106 प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रसूति एवं स्त्री रोग चिकित्सा में आधुनिक चिकित्सकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं आपातकालीन चिकित्सा कौशल को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सुरक्षित मातृत्व, महिला स्वास्थ्य, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय और साक्ष्य आधारित चिकित्सा पद्धति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. गुणतास सिंह गिल ने महिला स्वास्थ्य को मजबूत करने तथा गुणवत्तापूर्ण मातृ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता जताई। एनआईजीएफ की अध्यक्ष डा रागिनी अग्रवाल ने चिकित्सकों से महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने और अपने ज्ञान एवं कौशल को समय के साथ अपडेट रखने का आह्वान किया। एनआईजीएफ हरियाणा चैप्टर की अध्यक्ष डा मीनाक्षी बी. चौहान ने निरंतर प्रशिक्षण को मातृ एवं महिला स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक बताया। इसमें पीजीआई चंडीगढ़ की डा मीनाक्षी रोहिल्ला, डा रीति मेहरा, डा नवनीत टक्कर, डा सविता सिंघल सहित अन्य विशेषज्ञों ने विचार रखे। कार्यक्रम में एचएमसी पर्यवेक्षक डॉ. रंजना शर्मा, डीएमएस डा नरेश ज्योति और एमईयू समन्वयक डा गुरलीन कौर सहित अन्य चिकित्सकों ने भी सहयोग दिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यायल में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

महर्षि कश्यप का जीवन-दर्शन आज भी प्रासंगिक : कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय ऋषि परंपरा के महान चिंतक थे। उनका जीवन-दर्शन ज्ञान, संयम और लोककल्याण का संदेश देता है, जो आज के समय में भी समाज का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने युवाओं से महर्षि के विचारों को अपनाने और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजकों को बधाई भी दी। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत-पाली-प्राकृत विभाग और महर्षि कश्यप पीठ के संयुक्त तत्वावधान में सीनेट हॉल में महर्षि कश्यप का जीवन-दर्शन विविध आयाम विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। इससे पहले संस्कृत विभाग की अध्यक्षा प्रो. कृष्णा देवी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व संगोष्ठी की रूपरेखा एवं स्वरूप को प्रस्तुत किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि महर्षि कश्यप के जीवन-दर्शन में ज्ञान, संयम, सेवा और लोककल्याण का संदेश मिलता है।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि कश्यप भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमुख स्तंभः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कार्यक्रम के संरक्षक एवं अध्यक्ष कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध परंपराओं में से एक है और महर्षि कश्यप उसके प्रमुख स्तंभ रहे हैं। उन्होंने महर्षि कश्यप को जल, थल एवं नभ पर उपस्थित सभी प्राणियों की उत्पत्ति करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन हमें विवेकपूर्ण निर्णय लेना सिखाता है। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप के शिक्षा व शिक्षण संबंधी विचार एनईपी 2020 में निहित हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एनईपी 2020 को लागू करने वाला हरियाणा का पहला विश्वविद्यालय है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकुला के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप वेदों के दृष्टा एवं सूक्तों के रचयिता थे।

कुरुक्षेत्र की पावन धरती ज्ञान और धर्म की भूमि है और यहाँ महर्षि कश्यप जैसे ऋषि के जीवन-दर्शन पर चर्चा होना गर्व की बात है। उन्होंने महर्षि कश्यप पीठ स्थापित करने के लिए कुलपति सोमनाथ सचदेवा व विभागाध्यक्षा प्रो. कृष्णा देवी का धन्यवाद किया व महर्षि कश्यप पीठ के लिए सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।


हर वर्ग के व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : बेदी



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। बिना किसी भेदभाव के समाज के हर व्यक्ति का विकास करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इन योजनाओं का फायदा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है और इसका फायदा आमजन को मिल रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को स्थानीय वाल्मीकि आश्रम में ग्रामीण सफाई कर्मचारी राष्ट्रीय कामगार संघ हरियाणा एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित धन्यवाद सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आश्रम में स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पित कर उन्हे नमन किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की 18 मांगों में से 17 मांगे पूरी कर दी गई है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का मानदेय 18100 रुपए कर दिया गया है तथा वर्दी भत्ता 6 हजार रुपए और धुलाई भत्ता 1500 रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। ड्यूटी के दौरान अगर किसी सफाई कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है, तो अनुकंपा के आधार पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। प्रदेश सरकार हर समय सुख-दुःख में कर्मचारियों के साथ खड़ी है। आयोग के उपाध्यक्ष भारत भूषण टाक ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का मासिक मानदेय बढ़ाने के साथ-साथ अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

कृषि मंत्री ने पिहोवा व इस्माईलाबाद अनाज मंडी का किया दौरा

किसानों को धान खरीद में नहीं आने दी जाएगी परेशानीः राणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। धान खरीद सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मंडियों में किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा तथा खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। कृषि मंत्री सोमवार को पिहोवा व इस्माईलाबाद अनाज मंडी में धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान खरीद का कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निर्बाध रूप से जारी रहना चाहिए। किसानों और आढ़तियों को गेट पास, खरीद, उठान अथवा अन्य किसी प्रक्रिया में परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर एसडीएम राहुल कनवारिया, मार्केट कमेटी पिहोवा के प्रधान तरणदीप सिंह वडैच, मार्केट कमेटी इस्माईलाबाद के प्रधान बलबीर राणा, मार्केट कमेटी सचिव पिहोवा चंद्र सिंह, मार्केट कमेटी सचिव इस्माईलाबाद अंकुर ठुकराल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लाडवा मंडी में सुबह 5 से सायं 6 तक होगा धान उठान

लाडवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक राजेश कुमार सोनी ने कहा कि मंडियों में धान खरीद कार्य के लिए उपमंडल के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। मंडियों में किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों व मजदूरों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। एसडीएम राजेश कुमार सोनी सोमवार को मार्केट कमेटी लाडवा के सभागार में व्यापारियों, आढ़तियों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाडवा उपमंडल में अनाज मंडी में आ रही धान की फसल की उठान को को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे है। किसानों व आढ़तियों की सुविधा के लिए अब धान की फसल की उठान का का कार्य सुबह 5 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

लाडवा रोड पर 42 दुकानदारों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लाडवा रोड पिपली पर बढ़ते अतिक्रमण और सड़क तक सामान फैलाने की शिकायतों को लेकर नगर परिषद की टीम ने सोमवार को अभियान चलाया। कार्यकारी अधिकारी के निर्देश पर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सड़क व फुटपाथ पर सामान रखने वाले दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान करीब 42 दुकानदारों के चालान किए गए, जबकि कई दुकानदारों का सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया गया। नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि दुकान की सीमा से बाहर सड़क या सार्वजनिक स्थान पर सामान रखने की अनुमति नहीं है। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम की कार्रवाई शुरू होते ही कई दुकानदारों ने अपना सामान समेटकर दुकानों के अंदर रखना शुरू कर दिया। वहीं, रेहड़ी-पटरी संचालक भी अपना सामान लेकर गलियों की ओर जाते दिखाई दिए। बताया गया कि लाडवा रोड पिपली पर सुबह और शाम के समय कई रेहड़ी-पटरी संचालक और दुकानदार अपना सामान कई फुट तक सड़क की ओर फैला देते हैं। इससे सड़क का आवागमन प्रभावित होने के साथ वाहन चालकों को परेशानी होती है। सड़क संकरी होने के कारण हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

- सड़क तक सामान रखने वालों पर कसा शिकंजा



वृद्धजनों के बीच पहुंचे कॉलेज विद्यार्थी, साझा किए खुशियों के पल

थानेसर। सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम का शैक्षणिक एवं सामाजिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया और उनके जीवन संघर्ष, अनुभवों तथा भावनाओं को करीब से समझा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों और वृद्धजनों के प्रति सम्मान व सेवा-भाव विकसित करना रहा। आश्रम पहुंचने पर डॉ. जयभगवान ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्था के इतिहास, उद्देश्यों और वृद्धजनों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साहित्यकारों ने विकसित भारत के निर्माण पर विचार किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुदगुदी जंक्शन समूह के साहित्यिक मंच अक्षरम-कुरुक्षेत्र की ओर से बीती सायं अमीन रोड स्थित गांव फतुहपुर के मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। गुदगुदी जंक्शन समूह के सात वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका विषय पर अम्बाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर के साहित्यकारों ने विचार रखे तथा कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। साहित्यिक मंच अक्षरम के सभापति गुलशन ग्रोवर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संस्कृति प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल ने किया। अध्यक्षता मातृभूमि सेवा मिशन के संयोजक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने की। गुदगुदी जंक्शन समूह के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने सचिव सुनील अंगीरस सहित पदाधिकारियों के साथ अतिथियों का स्वागत किया।



सरकार को शैलर मालिकों से बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए : मेवा सिंह



कुरुक्षेत्र/बाबैन। कांग्रेस के जिला प्रधान मेवा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार धान की सरकारी खरीद के बड़े बड़े दोव कर रही है लेकिन अनाज मंडीयों में किसानों की धान की फल रूल रही है और किसान की धान की फसल को खरीदने वाला कोई नही है। प्रदेश की सभी मंडीयों में धान के अंबार लग चुके है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने बाबैन अनाज मंडी पहुंचकर किसानों और व्यापारियों से बातचीत की तथा फसल खरीद से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों से किसान लगातार परेशान और हताश हो रहा है। मेवा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है और किसानों को खेती छोड़ने के लिए मजबूर करने की दिशा में नीतियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब किसान अपनी समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं तो उनकी आवाज दबाने के लिए सख्ती की जाती है। उन्होंने कहा कि धान की फसल को लेकर किसान असमंजस में हैं। किसानों ने अपनी फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है, लेकिन अभी तक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही।

जापान में रोजगार के लिए मिलेगा प्रशिक्षण

- जापानी संस्थानों और स्किल सेंटर के बीच हुए एमओयू


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में शुरू किया गया कुरुक्षेत्र-जापान करियर कनेक्ट के आयोजन के बाद जापान का प्रतिनिधिमंडल कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर पहुंचा। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में यह संस्थान अब कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के बीच मजबूत कड़ी का रुप ले रहा है। जापान के प्रतिनिधिमंडल में मि. रि-तानाका, मिस टोमोए इगुची, मि. तेत्सुशी तकागी, मि. हिरोया यागुची, श्री कृष्णन नारायणन और मिस क्योको ताकेमोतो शामिल रहे। नवीन जिन्दल फाउंडेशन और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन ऑफ वेल्फेयर सर्विसेज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने युवाओं से सीधा संवाद कर जापान में उपलब्ध रोजगार के अवसरों और उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी दी।कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर और जापान के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े संस्थानों के बीच एमओयू भी किए गए। इन समझौतों का उद्देश्य युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को अंतरराष्ट्रीय रोजगार की जरूरतों से जोड़ना तथा जापान में करियर के अवसरों के लिए सहयोग को मजबूत करना है। जापान के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद नवीन जिन्दल की स्किल डेवलपमेंट और रोजगार से जुड़ी पहल की विशेष रूप से सराहना की।



कुरुक्षेत्र। एमओयू की प्रति दिखाते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सांझी उत्सव में पौने दो लाख से अधिक के पुरस्कार किए जाएंगे वितरित



कुरुक्षेत्र। लोक कला सांझी धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर है। लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा विरासत एएचए छठा सांझी उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत से जहां भी सांझी बनाई जाती है किसी भी राज्य की महिला भाग ले सकती है। यह जानकारी विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत सांझी उत्सव-2026 प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए 1 लाख 76 हजार छः सौ रुपए के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। विरासत एएचए सांझी उत्सव-2026 में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, दूसरा 31 हजार, तीसरा 21 हजार, चौथा 11 हजार के तीन पुरस्कार, पांचवा 51 सौ रुपए के तीन पुरस्कार, छठा पुरस्कार 31 सौ रुपए तीन पुरस्कार, सातवां 21 सौ रुपए के पांच पुरस्कार जबकि आठवां 11 सौ रुपए के पांच पुरस्कार रखे गए हैं। विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने बताया कि पिछले वर्षों से सांझी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। वर्ष 2021 में सांझी प्रतियोगिता में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया था।

श्रीमद्भागवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय 37वें अखिल भारतीय खेल समारोह का समापन

खेल में हार से घबराएं नहीं, अगली जीत की तैयारी करें : देशराज

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने विद्यालय में नए भवन का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीमद्भागवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय 37वें अखिल भारतीय खेल समारोह का समापन हुआ। समारोह में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विनय गुप्ता विशिष्ट अतिथि और विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा मुख्य वक्ता रहे। इस दौरान खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम सिंह राणा, विनय गुप्ता, देशराज शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष मोहिंदर पाल सिंगला, प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, सदस्य जंगबहादुर सिंगला व प्राचार्य अनिल मदान ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय प्राचार्य अनिल मदान ने अतिथियों का परिचय करवाया। विशिष्ट अतिथि विनय गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल प्रदान किए। मुख्य वक्ता देशराज शर्मा ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी हमेशा अनुशासन में रहता है। प्रतिभा के साथ अनुशासन, धैर्य और सही रणनीति जीवन में सफलता का आधार बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हार से घबराने के बजाय उसे अगली जीत की तैयारी का अवसर मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के सर्वेक्षण में भी यह सामने आया कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक परिणाम भी बेहतर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल और शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने 37वें अखिल भारतीय शतरंज एवं फुटबॉल खेल समारोह के समापन की विधिवत घोषणा की। मुख्य अतिथि श्याम सिंह राणा ने विद्यालय में नए भवन के शिलान्यास का उद्घाटन भी किया।



कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

ये रहा परिणाम

वंदना प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रथम और उत्तर क्षेत्र द्वितीय रहा। अनुशासन में पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रथम तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वितीय रहा। अंडर-14 बॉयज में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रथम, दक्षिण क्षेत्र द्वितीय और उत्तर क्षेत्र तृतीय रहा। अंडर-17 बॉयज में राजस्थान प्रथम, उत्तर क्षेत्र द्वितीय और दक्षिण क्षेत्र तृतीय रहा। अंडर-19 बॉयज में राजस्थान प्रथम, दक्षिण क्षेत्र द्वितीय और उत्तर क्षेत्र तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय अध्यक्ष मोहिंदर पाल सिंगला ने अतिथियों, संरक्षक आचार्यों, निर्णायकों, प्रबंध समिति के सदस्यों, विद्यार्थियों और आचार्य भैया-बहनों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन आचार्य मोनिका शाह और लता ने किया। हिंदी आचार्य रोहतास शर्मा ने समापन मंत्र करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

साइबर क्राइम पर व्यापारियों को किया जागरुक

अंबाला। अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाते हुए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला साइबर क्राइम पुलिस द्वारा व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, आम नागरिकों, व्यापारियों और विभिन्न वर्गों को बढ़ते साइबर अपराधों से सुरक्षित रखना। उन्हें डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। अभियान की मुख्य थीम स्टॉप थिंक टेक एक्शन है। इस दौरान डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, यूपीआई/बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी कस्टमर केयर, फिशिंग, व फर्जी वीडियो कॉल स्कैम को लेकर जानकारी दी गई।

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जुनेजा अस्पताल के बाहर बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिषेक ने 21 सितंबर 2026 को थाना महेशनगर में शिकायत दी थी कि 20 सितंबर 2026 को आरोपी ने जुनेजा अस्पताल के बाहर से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। जांच के दौरान अब पुलिस ने आरोपी गुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर उससे चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली है।

नकदी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने गांव हसनपुर में स्थित मंदिर की ग्रिल तोड़कर बैटरी, इन्वर्टर, व दानपात्र से नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता जयप्रकाश ने 19 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि 17/18 अगस्त 2026 को आरोपियों ने गांव हसनपुर नग्गल में स्थित मंदिर की ग्रिल तोड़कर बैटरी, इन्वर्टर, व दानपात्र से नकदी चोरी की है। अब पुलिस ने जांच के दौरान नग्गल गांव के सनप्रीत सिंह उर्फ सन्नी व विशाल को गिरफ्तार किया है।

सिविल अस्पताल के विस्तार के लिए विज ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

अंबाला। परिवहन मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी सिविल अस्पताल की एक्सटेंशन को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मीडिया को बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उन्होंने अंबाला छावनी सिविल अस्पताल के विस्तार के लिए साथ लगती सैन्य भूमि लेने की बात की है। उन्होंने बताया जब अंबाला छावनी बसी थी उस समय यहां जनसंख्या लगभग 30-40 हजार थी। उसी हिसाब से उन्होंने अस्पताल की जगह छोड़ी थी। अब जनसंख्या लगभग तीन-चार लाख हो चुकी है जिस वजह से अस्पताल की जगह कम पड़ रही है। अब हम आगे सिविल अस्पताल की एक्सटेंशन करना चाहते हैं। कुछ प्रोजेक्ट हमारे पास भी हुए जैसे पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कैंसर अस्पताल के लिए धर्मशाला बनाने के लिए 10 करोड़ दिए थे।

पुलिस ने मोर्चा संभाला, दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की अपील

प्राचीन राम मंदिर के निर्माण को लेकर रास्ता बंद किए जाने का कड़ा विरोध

एकजुट हुए मोहल्ले के लोग, कहा 100 साल पुराने पांच फीट के रास्ते को नहीं होने दिया जाएगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रास्ता बंद करने का विरोध करते लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के एक प्राचीन राम मंदिर में प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण को लेकर रास्ता बंद किए जाने पर विवाद हो गया। रास्ता बंद किए जाने के विरोध में बड़ी संख्या में मोहल्लावासी के लोग जमा हो गए। इनका कहना है कि यह रास्ता करीब 100 साल पुराना है। आसपास के लोग इसी रास्ते से मंदिर तक पहुंचते हैं। रास्ता बंद होने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी होगी। मामले की भनक लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

यहां के रहने वाले बलदेव सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा मोहल्ला मंदिर निर्माण में सहयोग करने को तैयार है लेकिन मंदिर तक जाने वाला पुराना रास्ता बंद नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार यह करीब 5 फीट चौड़ा रास्ता है। इससे बाइक या बड़े वाहन नहीं जाते, बल्कि लोग पैदल आते-जाते हैं। आसपास के बुजुर्ग भी इसी रास्ते से मंदिर में पूजा करने जाते हैं। मोहल्ले के ही रहने वाले पंकज वर्मा ने आरोप लगाया कि जिस जगह मंदिर का निर्माण प्रस्तावित है, वहां पहले फैक्ट्री थी जो करीब 50-60 साल पुरानी है। उनका कहना है कि जमीन और पुराने रास्ते से जुड़े दस्तावेजों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में मंदिर के साथ कांप्लेक्स बनाया जा सकता है। पंकज ने कहा कि मोहल्ले में करीब 500-600 घर हैं। बस स्टैंड भी करीब आधा किलोमीटर दूर है। लोगों के परिवार की महिलाएं और बच्चे इस रास्ते से आते-जाते हैं। इसके अलावा मंदिर में लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। हर साल कांवड़ से संबंधित कार्यक्रम भी होते हैं। उधर मंदिर के केयरटेकर व ट्रस्टी मोहन लाल सैनी ने कहा कि मंदिर की जमीन पर भव्य मंदिर का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंदिर का भूमि पूजन करने आ सकते हैं। इससे पहले जगह की सफाई और निर्माण सामग्री रखने का काम किया जाना है।



100 साल से अधिक पुराना रास्ता

मोहल्ले के रहने वाले नरेंद्र ने कहा कि उनका बचपन इसी क्षेत्र में बीता है। यह रास्ता 100 साल से भी अधिक पुराना है। उन्होंने कहा कि सोमवार को आसपास के लोग इसी रास्ते से राम मंदिर में माथा टेकने जाते हैं। रास्ता बंद होने से बच्चों और बुजुर्गों को मुख्य सड़क से होकर जाना पड़ेगा, जिससे परेशानी बढ़ेगी।

सुरक्षा के लिए चारों तरफ लगाए जा रहे गेट

उन्होंने कहा कि रास्ता स्थायी रूप से बंद करने की बात नहीं है। निर्माण स्थल की सुरक्षा के लिए फिलहाल चारों तरफ गेट लगाए जा रहे हैं। निर्माण सामग्री गिरने और चोरी की आशंका के चलते चौकीदार भी तैनात किया जाएगा। मोहन लाल सैनी के मुताबिक, निर्माण के दौरान असामाजिक तत्वों के आने-जाने से भी सुरक्षा संबंधी समस्या हो सकती है। सैनी ने कहा कि मंदिर परिसर में किसी तरह का कांप्लेक्स बनाने की योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई प्रस्ताव आता है तो वह खुद उसका विरोध करेंगे। उन्होंने दावा किया कि मंदिर की जमीन से संबंधित पुराने दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। कोई भी मोहल्लावासी या शहर का व्यक्ति इन दस्तावेजों को देख सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर का प्रस्तावित नक्शा और स्ट्रक्चर भी तैयार किया गया है। जिसे भूमि पूजन से पहले संबंधित स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। रास्ता बंद करने को लेकर लोगों के एकत्र होने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों ने अपनी आपत्ति पुलिस के सामने रखी। लोगों का कहना है कि वे मंदिर निर्माण के खिलाफ नहीं हैं लेकिन वर्षों पुराने रास्ते को बंद करने का विरोध करेंगे।

अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलवाना प्राथमिकता



■ सेवा सेतु शिविर में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को अंबाला शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पहले उनके यहां पंहुचने पर कॉलेज प्रधानाचार्य के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्प देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर अक्षिता सैनी, नगर निगम कमीशनर वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम दर्शन कुमार, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। गोयल ने इस मौके पर सेवा सेतु शिविर के तहत यहां पर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। सरकार द्वारा जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति यहां पर आ रहा है, उन्हें नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 13700 सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में आईटीआई में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया है। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्तूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में 17 अक्तूबर तक सेवा के विभिन्न कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता मे शामिल है। पूर्व राज्यमंत्री ने शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने वाले पात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

धान खरीद का कार्य निरंतर जारी किसानों को 5.32 करोड़ का भुगतान

अंबाला। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि खरीफ मार्केटिंग सीजन-2026-27 के दौरान जिला की विभिन्न 15 अनाज मंडियों में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 29 सितंबर 2026 से धान खरीद कार्य शुरू किया जा चुका है। 4 अक्तूबर 2026 तक मंडियों में खाद्य विभाग / अन्य खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा लगभग कुल 42331.50 मीट्रिक टन धान खरीद की जा चुकी है। जिसमें खाद्य विभाग द्वारा अब तक कुल 31543.50 मीट्रिक टन धान तथा हैफेड द्वारा 10788.00 मीट्रिक टन धान खरीद कार्य किया जा चुका है। जिला की मंडियों में धान खरीद व उठान कार्य हेतु उचित प्रबंध कर दिए गए हैं। अब तक कुल 3826 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। खाद्य विभाग द्वारा अब तक राशि 2.82 करोड तथा हैफेड द्वारा किसानों को राशि 250 करोड रूपए। कुल 5.32 करोड रूपए का ई. खरीद पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है। जिले की सभी अनाज मंडियों में धान की खरीद सुचारु रूप से जारी है। मंडियों में किसानों की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

रेल नीर की आपूर्ति-बिक्री से जुटाए गए 18.63 लाख की नकदी चोरी, पुलिस ने दर्ज किया केस

अंबाला। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर रेल नीर की आपूर्ति और बिक्री से जुटाए गए 18,63,250 रुपये की नकद राशि चोरी हो गई। थाना पड़ाव पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच मुख्य रूप से कंपनी के स्टेशन मैनेजर की गतिविधियों पर टिकी हुई है। घटना 2 और 3 अक्तूबर की रात की है। दुर्गामाया फूड एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के हेड मैनेजर सुरेंद्र कौशल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जम्मू, अंबाला, अमृतसर और लुधियाना रेलवे स्टेशनों से प्राप्त नकद राशि एकत्रित कर अंबाला स्थित कंपनी के गोदाम पर रखी गई थी। कौशल के अनुसार 3 अक्तूबर की सुबह स्टेशन मैनेजर विवेक कुशवाहा ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि गोदाम में रखी 18.63 लाख की नकदी गायब है। विवेक ने पुलिस और हेड मैनेजर को बताया कि वह सुबह गोदाम से रेलवे स्टेशन गया था। जब कुछ देर बाद लौटा तो पैसे गायब मिले। हालांकि जब हेड मैनेजर सुरेंद्र कौशल ने घटनाक्रम की जानकारी ली तो विवेक के बयान विरोधाभासी व असंतोषजनक लगे। हेड मैनेजर का आरोप है कि इतनी बड़ी रकम की सुरक्षा और अभिरक्षा में स्टेशन मैनेजर का कथन संदेहास्पद है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस चौकी लाल कुर्ती के जांच अधिकारी विजय कुमार ने टीम सहित मामले का संज्ञान लिया। लाल कुर्ती स्थित मकान का पुलिस टीम ने निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। गोदाम के आसपास लगे कैमरों के अलावा अंबाला रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कर्मचारियों और स्टेशन मैनेजर विवेक कुशवाहा के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल व लोकेशन ट्रेस की जा रही है। घटना के वक्त गोदाम के आसपास मौजूद कर्मचारियों और स्टेशन स्टाफ से पूछताछ जारी है।

ट्यूबवेल के पास से मिला युवक का शव, करंट से मौत होने की आशंका

■ मृतक की कमर, हाथ समेत शरीर पर मिले झुलसने के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला छावनी के नन्हेड़ा गांव में ट्यूबवेल से कुछ दूरी पर 22 साल के युवक का शव मिला। मृतक की पहचान रेशव कुमार के रूप में हुई है। उसके कमर, हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों पर झुलसने के निशान मिले हैं। प्राथमिक जांच में पुलिस करंट लगने की आशंका जता रही है। हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। मृतक के भाई हिमांशु ने पुलिस को बताया कि रेशव रविवार को सुबह करीब 7 बजे घर से निकला था। करीब 11 बजे उसके दोस्तों ने उसे घर से कुछ दूरी पर नाले के ऊपर बनी सड़क पर बेसुध हालत में पड़ा देखा। राहगीरों की मदद से उसे अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार रेशव के शरीर पर कमर और हाथ सहित कई जगह झुलसने के निशान थे। शव ट्यूबवेल से कुछ दूरी पर मिला था। इसी आधार पर पुलिस को आशंका है कि युवक को ट्यूबवेल के आसपास करंट लगा हो सकता है। हालांकि घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला है। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि हिमांशु के बयान पर इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया गया है। नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रेशव शराब का सेवन करता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सेबी ने प्रोजेक्ट जागरूक के तहत 'समझ से इन्वेस्टिंग सिंपल' अभियान किया जारी, मस्ट पहल की शुरू

चंडीगढ़। प्रोजेक्ट जागरूक की शुरुआत माननीय केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक, राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में की गई थी, जो भौतिक और डिजिटल दोनों मार्गों को एकीकृत करता है। यह प्रोजेक्ट वित्तीय साक्षरता, सूचित निवेश प्रथाओं को बढ़ावा देने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक बहुभाषी और बहु-माध्यम दृष्टिकोण अपनाता है। यह एकीकृत मिशन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा प्रमुख प्रतिभूति बाजार भागीदारों (एसएमपी) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिनमें राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम), स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई, एनएसई, एमसीएक्स), डिपॉजिटरीज (सीडीएसएल और एनएसडीएल) और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) शामिल हैं।भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने विश्व निवेशक सप्ताह 2026 के अवसर पर 5 अक्टूबर 2026 को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में प्रोजेक्ट जागरूक के तहत 'समझ से इन्वेस्टिंग सिंपल' अभियान जारी किया।

ऐथलेटिक इवेंट में पलक ने किया शानदार प्रदर्शन, पाया तीसरा स्थान

■ संत मोहन सिंह खालसा कॉलेज के शिक्षकों ने पलक की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। विजेता छात्रा को बधाई देते हुए कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

यमुनानगर के छछरौली स्टेडियम में आयोजित खेल मोहल्ला उत्सव में संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज की बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा पलक देशवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देसी एथलेटिक्स इवेंट में तृतीय स्थान हासिल किया। पलक की इस उपलब्धि से कॉलेज सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पलक देशवाल को 5100 रुपये की नकद राशि एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसकी इस सफलता पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि खुराना ने पलक को बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना कॉलेज की प्राथमिकताओं में शामिल है। पलक की उपलब्धि अन्य छात्राओं को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मिनी ने भी पलक को बधाई दी। उसकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पलक ने निरंतर अभ्यास और मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।



पंचकूला के रॉय मित्तन ने हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व कर बढ़ाया जिले का गौरव

पंचकूला। 50वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2026 में हरियाणा की बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। हरियाणा की टीम ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और तीसरे स्थान के मुकाबले में जीत दर्ज कर पदक अपने नाम किया।हरियाणा की इस टीम में पंचकूला के खिलाड़ी रॉय मित्तन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट खेल, मेहनत और समर्पण ने टीम के प्रदर्शन को मजबूत बनाने में योगदान दिया तथा पंचकूला जिले का गौरव बढ़ाया। हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शेरॉन एवं सचिव सीरीपाल तथा पंचकूला जिला बास्केटबॉल संघ ने हरियाणा की पूरी टीम को बधाई दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में उमड़ी भीड

अंबाला। अंबाला छावनी में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में एसडी कॉलेज में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनकल्याण योजनाओं का लाभ मौके पर ही देने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए। सैकड़ों लोगो ने इस शिविर का लाभ उठाया। एसडीएम कनिका गोयल ने कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। एसडीएम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

विधायक पूजा चौधरी ने किया अनाज मंडी का दौरा, आढ़तियों की सुनीं समस्याएं

धान उठान में देरी व 26 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा पर जताई चिंता

हैफेड और एफसीआई के अधिकारियों से मुलाकात कर धान उठान की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना। धान खरीद के दौरान किसानों से बातचीत करती विधायक पूजा चौधरी।

धान खरीद सीजन के दौरान मंडियों में किसानों और आढ़तियों को पेश आ रही समस्याओं का जमीनी जायजा लेने के लिए विधायक पूजा चौधरी ने अनाज मंडी का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचकर धान की फसल का बारीकी से निरीक्षण किया। यहां मौजूद किसानों तथा आढ़तियों से लंबी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। इसके साथ ही उन्होंने हैफेड और एफसीआई अधिकारियों से भी विशेष बातचीत की। धान के उठान को लेकर वर्तमान स्थिति का पूरा ब्यौरा लिया। विधायक पूजा चौधरी को आढ़तियों व किसानों ने बताया कि सरकारी पोर्टल पर वेरिफिकेशन समय पर न होने के कारण उनकी फसल की खरीद प्रक्रिया में रुकावटें आ रही हैं। कई किसानों ने शिकायत की कि उनकी धान बिकने के बावजूद अभी तक उनकी पेमेंट रुकी पड़ी है, जिससे वे भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। विधायक ने इस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। सरकार द्वारा 26 क्विंटल प्रति एकड़ की लिमिट पर विधायक ने गहरी चिंता जताई । किसानों की समस्याएं सुनते हुए विधायक पूजा चौधरी ने सरकार के नियमों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि धान की खरीद पर प्रति एकड़ 26 क्विंटल की लिमिट लगाना किसानों के साथ सरासर अन्याय है। मौसम की मार और लागत बढ़ने से पहले ही परेशान किसानों पर इस तरह की सीमाएं थोपना उनकी मेहनत का अपमान है। उन्होंने मांग की कि इस सीमा को व्यवहारिक रूप से बदला जाए ताकि किसानों को अपनी पूरी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस मुद्दे पर जल्द निर्णय नहीं लेती विपक्ष सड़क से लेकर विधानसभा तक जोरदार लड़ाई लड़ेगा ताकि किसानों को अपनी पूरी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो।

विधायक ने अधिकारियों से मांगा जवाब

आढ़तियों ने विधायक के समक्ष मंडी की बदहाल व्यवस्था का कच्चा चिट्ठा खोलकर रखा। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में सुरक्षा और अन्य कारणों से बाउंड्री वॉल का काम अधूरा पड़ा है। इसके साथ ही मंडी परिसर में सीवरेज की उचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव और साफ-सफाई की गंभीर समस्याएं बनी रहती हैं। आढ़तियों की इस समस्या पर उन्होंने तुरंत मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक पूजा चौधरी ने हैफेड और एफसीआई व हैफेड के अधिकारियों को कहा कि मंडियों में धान का उठान समय पर होना चाहिए ताकि अनाज के ढेर न लगें।